Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 23-08-2022 | अंक 322

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### महिला ने किया विषपान, रेफर



बरही थाना अंतर्गत देवचंदा निवासी मदन यादव की पत्नी सुलेखा देवी उम्र 28 वर्ष ने घरेलू विवाद में आकर बीते रात विषपान कर ली। जिससे महिला गंभीर हो गई, आनन फानन में परिजनों ने महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

# सामाजिक विकास के लिए नारी शिक्षा जरूरी : डॉ सुनील दत्ता

## भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से विद्वत गोष्ठी का आयोजन, नारी शिक्षा पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय बरही ब्लॉक परिसर में सोमवार देर शाम एक विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी का विषय नारी शिक्षा था । गोष्ठी की अध्यक्षता रामपदार्थ शर्मा अवकाश प्राप्त व्याख्याता एवं संचालन संयोजक राजेश कुमार ने किया । आतिथ्य डॉ सुनील कुमार दत्ता ने किया । गोष्ठी में कहा गया कि समाज के पितृसत्तात्मक होने के कारण नारी शिक्षा की स्थिति आज भी दयनीय है । ऐसे में सरकार के द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,सुमन योजना ,फ्री सिलाई योजना , सुकन्या समृद्धि योजना महिलाओं की दशा सुधारने में मील के पत्थर साबित होंगे । स्कूलों की बच्चियां मीना मंच सदस्य बनकर समाज की कुरीतियों का अंत कर रही हैं ।यह बालिका सशक्तिकरण का उदाहरण है। सभा को संबोधित करते हुए डॉ सुनील कुमार दत्त ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि प्रारंभ से लेकर अब तक जो अधिकार महिलाओं को दिए गए उसके फलस्वरुप उनका प्रदर्शन सर्वत्र उच्च स्तरीय और सराहनीय रहा है । लोकतांत्रिक व्यवस्था और लोक कल्याणकारी राज्य में आज नारी का सुंदर रूप दिख रहा है । व्याख्याता संजय कुमार वर्णवाल ने घटोत्कच और बर्बरीक की माता को एक शिक्षक के रूप में बताते हुए कहा कि किस प्रकार शिक्षा नारी को सबल योग्य शिक्षिका बनाती है। सभी का स्वागत और अभिनंदन करते हुए सभापति रामपदार्थ शर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण का तात्पर्य नारी को सामाजिक राजनीतिक आर्थिक और धार्मिक पहलुओं के योग्य बनाना ही नारी सशक्तिकरण है और यही शिक्षा का ध्येय भी है।। गोष्ठी में कवि निराला जयशंकर प्रसाद और मैथिलीशरण गुप्त की नारी संबंधित कविताओं का पाठ से किया गया । मौके पर गोष्ठी में मुख्य रूप से राम प्रसाद शर्मा अवकाश प्राप्त व्याख्याता , बसंत कुमार पीजी शिक्षक राजेश कुमार सिंह , डॉक्टर सुनील कुमार दत्ता, व्याख्याता संजय कुमार वर्णवाल, उप प्राचार्य आर एन वाई एम कॉलेज बरही तथा शिक्षक राजेश कुमार उपस्थित थे ।



गोष्ठी में शामिल प्रबुद्धजन

# कोलहुआकला पंचायत में विधायक ने सोना सोबरन के तहत धोती साड़ी का किया वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



साड़ी धोती लुंगी का वितरण करते विधायक उमाशंकर अकेला

बरही प्रखंड अंतर्गत कोलहुआकला पंचायत में सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत किरण महिला मंडल तिलैया बस्ती, रामलखन यादव बेला, बैजंती महिला मंडल करगईयो, मालती महिला मंडल करगईयो एवं सरस्वती महिला मंडल करगईयो में विधायक उमाशंकर अकेला ने धोती साड़ी का वितरण किया। विधायक उमाशंकर अकेला ने कह की मुख्यमंत्री ने सोना सोबरन धोतीजे – साड़ी वितरण योजना गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आरंभ किया गया है। आज भी गांव में गरीब के पैरो में चप्पल नही होते है और तन ढकने के लिए कपड़े नही होते है। इस योजना से गरीबों को लाभ मिलेगा। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की सोना – सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अंत्योदय वा पीएचएच परिवार वालो के लिए बनाई गई है। इस योजना के तहत लाभुको से मात्र 10 रुपए में धोती, लूंगी वा साड़ी दिया जा रहा है। लाभुको में चंद्री देवी,सीता देवी, मुनिया देवी, बालेश्वरी देवी, केशिया देवी, सबिता देवी, कौशल्या देवी, पार्वती देवी,सरोज देवी, प्रमिला देवी, देवन्ती देवी, फुलवा देवी, बसंती देवी, ललिता देवी, लीलावती देवी, शांति देवी, रसवा देवी, अनीता देवी, सोनी देवी, सीमा देवी सहित सैकड़ों अन्य महिलाएं शामिल है। मौके पर खाद्य आपूर्ति अधिकारी आजाद सिंह, कोलहुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, रामदेव यादव, पंसस सदस्या सुनीता देवी, प्रभु यादव, विनोद यादव, जागेश्वर यादव, केदार यादव, मनोज कुमार यादव, संजय राम एवं दिनेश राम मुख्य रूप से मौजूद थे।

# झंकार म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी द्वारा निर्मित भक्ति विभोर एवं खोरठा एल्बम किया गया रिलीज,

## बतौर मुख्य अतिथि शामिल राज आर्यन उर्फ छोटी





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झंकार म्यूजिक एण्ड डांस एकेडमी के द्वारा निर्मित भक्ति विभोर एल्बम एंव खोरठा एल्बम रविवार को रिलीज किया गया ।जिसका उद्घाटन अपेम आर्ट एंड कल्चर तथा राज आर्यन डांस एकेडमी बरही के डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी के कर कमलों द्वारा किया गया। बतौर मुख्य अतिथि राज आर्यन ने कहा कि हमारी संस्कृति को सुरक्षित एंव विकास के लिए कला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। छोटी छोटी पहल से प्रेरणा मिलती है। आज हमारे जिला में प्रतिभा की को कमी नहीं है। बस प्रोत. साहन कि जरूरत है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीत के जाने माने कला कर धीरज कुमार गुप्ता ने सभी कलाकारों को शुभक. ामनाएँ देते हुए कहा कि इसी तरह आप आगे बढ़ते रहे कामयाबी आप को कदम चूमेगी। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद प्रकाश कुमार ने एल्बम में काम करने वाले सभी कलाकारों को शुभकामनाएँ दिये। प्रोग्राम में छोटे छोटे बच्चों कि भी प्रस्तुति बैठे सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था के डायरेक्टर राहुल कुमार पासवान के द्वारा सभी को सर्टिफिकेट एंव मेडल दे कर सम्मानित किया गया। भक्ति एल्बम में कुल तीन गाने हैं। प्रभु राम एंव हनुमान जी का तथा खोरठा एल्बम में एक गाना निर्मित है। इस मौके पर झंकार परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे। मौके पर इचाक से गोविंदा उर्फ मुकेश, बरही से विकास विश्वास हजारीबाग से सानिया रानी, भीम, कृष्ण कुमार दास, गौरव अभिषेक सिंह, श्रवण कुमार पासवान, सत्येंद्र, ताराचंद, चयन, सुमंत, बंसत, आमित, ईशा कुमारी, प्रज्ञा सिंह, अविनाश, प्रनभ, अभिनव, वर्ष रानी एवं कर्मवीर मुख्य रूप से मौजूद थे।

# भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ शिबू के प्रयास से पूर्वी पंचायत के अंतर्गत सदर अस्पताल के समीप खराब पड़े 100 केवी ट्रांसफार्मर बदल कर बिजली विभाग के द्वारा नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराया गया। मंगलवार को भाजपा युवा नेत्री सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के हाथों फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया तथा बिजली चालू कराया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने सांसद प्रतिनिधि मनीष पांडे, अवध किशोर यादव, नंदकिशोर मेहता, उदय मेहता, दामोदर प्रसाद मेहता प्रल्हाद गुप्ता के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।

# सरकारी हैंडपंप का घेराव कर दबंगई कर रहे कब्जा : सुनील यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



सुनिल यादव

रसोईया धमना पंचायत के युवा समाजसेवी सुनील कुमार यादव ने बताया की दबंगई लोग सरकारी हैंडपंप का घेराव कर कब्जा कर ले रहे है। साथ ही आस पास के पड़ोसियों को पानी लेने से भी मना किया जाता है। जिससे सरकारी चापाकल का लाभ गरीबों को नही मिल पाता है। उन्होंने पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं बरही के अधिकारियों से अपील किया है की प्रखंड के सभी पंचायतों में लगी सरकारी चापाकल की जांच कराया जाए।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित है उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सरकारी विद्यालय का नाम सुनते ही आंखों के सामने एक ऐसे परिसर की छवि बनती है जहां बच्चे तो अधिक संख्या में मिल जाते है लेकिन उनके विकास के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं दूर दूर तक दिखाई नही देती है। यही हाल बरही प्रखंड अंतर्गत कोलहुआकला पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला ऐसे ही विद्यालयों के श्रेणी में आता है। जहां बच्चे की संख्या अधिक है लेकिन सुविधाएं न के बराबर है। विद्यालय के छात्रों ने बताया की हमारे विद्यालय में मात्र चार शिक्षक है जिसके कारण दो तीन वर्गो के बच्चे को शिक्षक एक ही क्लास में बैठाकर पढ़ाते है। जिससे हम सभी को पाठ समझने में बहुत परेशानी होती है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक बालेश्वर पंडित ने बताया की विद्यालय में कमरा का अभाव होने के कारण प्रथम और द्वितीय वर्ग के बच्चो को बरामदा में पढ़ाया जाता है। जिससे बरसात में बच्चो को पढ़ाने में बहुत परेशानी होती है। उन्होंने कहा की विद्यालय में अलग से कोई कार्यालय नही है गोदाम में ही विद्यालय का कार्यालय बनाया गया है। साथ ही उन्होंने कहा की विद्यालय में शिक्षको का भी अभाव है जिससे बच्चो के पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

## बिना शर्त मिले निजी स्कूलों को मान्यता : मिथलेश यादव

### निजी विद्यालय संघ ने की अनिवार्य एवं निरूशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में संशोधन की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मिथलेश यादव

अनिवार्य एवं निरूशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में संशोधन करने की मांग निजी विद्यालय संघ ने की है। इस बाबत बरही निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथलेश यादव ने सरकार से मांग की है कि अनिवार्य एवं निरूशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम में संशोधन किया जाए और निजी स्कूलों को बिना शर्त मान्यता दिया जाए। यह भी मांग की है कि निजी स्कूलों को भी सरकार अनुदान दे। श्री यादव ने बताया कि इस संबंध में संघ की ओर से कई बार ज्ञापन प्रधानमंत्री, एमएचआरडी मंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को भी भेजा गया है। अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की गठन से पूर्व व शिक्षा अधिकार अधिनियम कानून बनने के पहले से ही गैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों का अहम भूमिका रहा है । उस समय की परिस्थितियों के अनुसार अपने सामर्थ्य के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर व अन्य व्यवस्थाएं की गई । अब अचानक से तरह तरह की शर्तो को डाल कर सरकार हमलोगो को परेशान करना चाहती है। सरकार की मंशा से जाहिर होता है कि ये नहीं चाहती कि आम आदमी के स्कूल का संचालन करे। सरकार की इस नीति से केवल कारपोरेट घराने के लोग हीं स्कूल चला पाएंगे। और शिक्षा इतनी महंगी हो जाएगी कि गरीब गुरबा के बच्चों को शिक्षा नसिब नहीं हो पायेगा। सरकारी स्कूलों को सरकार की गलत नीतियों ने पहले ही ध्वस्त कर दिया है। सरकार अगर शिक्षा में सुधार करना चाहती है तो छोटे व मंझोले निजी विद्यालयों को आर्थिक सहायता करे न कि नकेल कसने की बात करे। सरकार हमें परेशान करेगी तो इसका करारा जवाब दिया जाएगा। सरकार को बीएड शिक्षक चाहिए तो राज्य में पर्याप्त बीएड क०लेज खोले ताकि गरीब से गरीब लोग बीएड कर सके।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाई गई दादी प्रकाशमणि जी की 15वीं पुण्य स्मृति दिवस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पुण्य स्मृति दिवस मनाते संस्थान से जुड़े लोग

ब्रह्माकुमारी संस्थान बरही पटना रोड नहर सेवा केंद्र के द्वारा दादी प्रकाशमणि जी की 15वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। सेंटर की संचालिका बीके रीना बहन ने आदरणीय दादी प्रकाशमणि जी के बारे में उपस्थित भाई बहनों को अवगत कराया। बताया कि दादी प्रकाशमणि जी पूर्व दूसरा मुख्य प्रसाशिका थी। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी का एक ऐसा नाम था जिन्होंने अध्यात्म के पथ पर चलते हुए समस्त मानव जाति के लिए एक नई इमारत लिख गई। दादी प्रकाशमणि जी का जन्म 1922 में हैदराबाद में हुआ, जो अभी पाकिस्तान में है । वह 14 वर्ष की उम्र में ज्ञान में आई ।दादी ज्ञान में बहुत मेहनत की और जाति का भेदभाव भी मिटाई। शांत चित्त की थी दादी। देश विदेश में भी ज्ञान दी। दादी जी सदा संतुष्टमणि बनकर रही। उनकी बुद्धि में यही रहता कि सब मेरे से संतुष्ट रहें। संतुष्टता ही मेरे लिए सब की दुआएं हैं। सेवा दादी जी का निधन 25 अगस्त 2022 को हुआ। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा जी ने भी श्रद्धा से दिल से दादी जी को श्रद्धांजलि दी। मौके पर ज्योति बहन, सोनी बहन ,सविता माता ,पिंकी माता ,रीना माता, सुनीता माता, कंचन माता, विंध्यवासिनी माता , माता माता, मेघा बहन आदि आदि उपस्थित थे।

## मृतक किशोरी के परिजनों से मिले पूर्व विधायक मनोज यादव, न्याय दिलाने का दिया भरोसा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


शोक संतप्त परिजनों से मिलते पूर्व विधायक

बीते कुछ दिनों पहले बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में किशोरी की हत्या करने की सूचना पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने कोरियाडीह पहुंचे और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार के समक्ष पुलिस पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही। कहा कि पीड़ित परिवार अत्यंत गरीब है, वह सब्जी बेचकर अपना घर चलाता है। उन्होंने पीड़ित परिवार से कहा कि उन्हें जब किसी भी चीज की जरूरत हों, वह उन्हें याद कर सकते है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, रामजी प्रसाद, रूपलाल महतो, झरी महतो, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, रामजी प्रसाद, राजु प्रसाद, सीता राम प्रसाद, उमेश प्रसाद, प्रकाश साव, बिनोद प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, राजकुमार प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अध्यक्ष अरुण साहू ने टीएसएस के प्रखंड अध्यक्षों के साथ की बैठक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही उजजैना में स्थित बरही हाउस में टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने मंगलवार को प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक किया। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर पर कार्यकर्ता, प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी को मजबूत, गांव गांव में कार्यक्रम को लेकर, एवं सक्रिय कार्यकर्ता को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल सभी ने टीएसएस संगठन का उद्देश्य को गांव गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष राजवार, प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो, उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर, प्रकाश विश्वकर्मा, भोली पासवान, मो जमीरुद्दीन, प्रकाश दास, गौतम चंद्रवंशी, विष्णु साहू, उगनती देवी, पार्वती देवी, गोविंद मेहता, बीरेंद्र भुइयां, विनय साव, बिनोद कुमार, अनुज कुमार, बिनोद रविदास, प्रकाश विश्वकर्मा, शंभू मेहता, बंगाली मेहता, विनय प्रसाद, छोटी राम, नरेश कुमार शर्मा, गोविंद मेहता, कारू मेहता, सेराज अंसारी, रामप्रकाश कुमार, मीडिया प्रभारी बबलू साहू सहित तिलेश्वर साहू सेना के दर्जनों अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कठम्बा मोड़ से अवैध शराब लदा पिकअप वाहन पुलिस ने किया जप्त, तस्कर फरार

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




बरही सर्किल इंस्पेक्टर लगलाल मुंडा के अगुवाई में थाना प्रभारी शम्भुनन्द ईश्वर, पुलिस अवर निरीक्षक जय कुमार ने संयुक्त रूप से कठम्बा मोड़ से अवैध शराब लदा एक पिकअप वाहन को जप्त किया। इस सम्बंध में सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा ने बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक से मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रखण्ड के कठम्बा मोड़ के पास चेिं.कंग के दौरान एक पिकअप संख्या जेएच 05 एएन 7600 को जप्त किया गया । जिसमें अंग्रेजी शराब लोड कर चौपारण से भगहर के रास्ते बिहार में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पिकअप की तालाशी करने पर उसमें 17 कार्टून में र०यल स्टैग कम्पनी का अंग्रेजी शराब 705 एमएल का 204 पीस बरामद किया गया। वहीं इस दौरान अंधेरे का लाभ लेकर तस्कर और चालक भागने में सफल रहे। चौपारण थाना कांड संख्या 247 /22 धारा 414 /34 / 272/ 273/290 भादवि 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि शराब तस्करी में संलिप्त लोगों का जांच पड़ताल किया जा रहा है दोषियो को बक्सा नही




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिजली नहीं तो पानी नहीं-विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा
सुनील कुमार**




बरही/तिलैया डैम डीवीसी के मनमानी रवैये और बिजली कटौती के खिलाफ 19 अगस्त से बरकट्ठा विधानसभा के विधायक अमित कुमार यादव द्वारा जनता के बिजली समस्या का निदान हेतु, अनिश्चितकालीन धरना का आज पांचवें दिन में चल. कुशा, बेडोकला, बरकट्ठा प्रखण्ड भजन समस्याओं से संबंधित है! जिससे नैतिक समर्थन देते हुए धरना कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक अमित यादव ने कहा,चूंकि क्षेत्र में व्याप्त बिजली कटौती से क्षेत्र में बिजली संकट, जबकि नियमित रूप से बिजली बिल वसूली के बाद भी 24 घंटे बिजली एवं स्थानीय लोगों को रोजगार भी नहीं मिलता है जबकि कोयला, पानी,जमीन मेरा इसलिए जबतक हमारी मांगे लिखित रूप से पूरी नहीं होगी तो अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा मौके पर मुखिया श्यामदेव यादव, सुधीर सिंह,सरयु वर्मा चलकुशा प्रखण्ड भाजपा अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, बेडोकला मंडल भाजपा अध्यक्ष भोला प्रसाद, महामंत्री इंद्रदेव यादव, पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष रीतलाल चौधरी, अनिल आजाद, अशोक रविदास, प्रकाश प्रसाद, शंकर दयाल प्रसाद, सुनील राणा, रामदेव यादव, जागेश्वर प्रसाद मंडल, अजय यादव, बालेश्वर प्रसाद, डिस्को प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, उपाध्यक्ष विजय चौधरी, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष शंकर ठाकुर, अशोक यादव, सुनील राम विहिप के संजय यादव, सत्यम भारती, धीरज गुप्ता, सहित उपस्थित हुए

## प्रखंड के विद्यालयों में शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ हुई बैठक गुणवत्ता शिक्षा पर दिया जोर

**अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रखंड संसाधन केंद्र बड़कागांव सहित प्रखंड के तमाम सरकारी विद्यालयों में झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग (समग्र शिक्षा अभियान) उपायुक्त हजारीबाग के पत्रांक 677 दिनांक 18 अगस्त के आलोक में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष के अध्यक्ष अध्यक्षता में श्श्अभिभावक शिक्षक बैठक 2022 का आयोजन सभी विद्यालयों में किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के संयोजक के द्वारा किया गया। आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव में कार्यक्रम की शुरुआत मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत प्रसाद के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि रंजीत प्रसाद ने कहा कि गुणात्मक शिक्षा छात्रों के सर्वांगीण विकास में अभिभावक एवं शिक्षक का दायित्व है।वहीं कांडतरी पंचायत की मुखिया पारसनाथ प्रसाद ने कहा कि अभिभावक बच्चों के विकास की रीढ़ है। शिक्षक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को हर पहलू से प्रखर बनाने में निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं उन्होंने बच्चों को नियमित और पर विद्यालय भेजने,साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह अभिभावकों को दी। बताते चलें कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में 100ः नामांकन और उपस्थिति , छात्रों में लर्निंग गैप को पाटना, अभिभावक शिक्षक सहयोग का समर्थन, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी , परीक्षाओं में बच्चे के प्रदर्शन के बारे में बताना एवं शिक्षा में माता-पिता की भागीदारी का समर्थन , जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक को एक मंच पर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर पर वार्ता करना है। बैठक कार्यक्रम मूल रूप से संकुल बड़कागांव, तलसवार, महटिकरा , जुगरा, शिवाडीह, अंबाजीत, बादम, गोसाई बलिया एवं जरजरा के समस्त विद्यालयों में किया गया। अभिभावक शिक्षक बैठक क्या है। पीटीए बैठक के अभिभावकों के लिए एक अवसर है कि वे अपने बच्चों के शिक्षकों के साथ शैक्षिक प्रदर्शन पर चर्चा करें।आपको अपने बच्चे के सबसे मजबूत और सबसे कमजोर विषयों के बारे में पता होनी चाहिए,उन विषयों में उसकी ताकत और कमजोरियों के प्रमाण क्या है और चिंता के किसी विशेष क्षेत्र में सुधार कैसे किया जा सकता है।बैठक में मुख्य रूप से मुखिया बासुदेव यादव, लीलावती देवी, गीता देवी,सुलेखा कुमारी,गणेश साव,मुखिया प्रतिनिधि चंदन पुरी,प्रथमिक शिक्षक प्रखंड अध्यक्ष चेतलाल राम, प्रभारी प्राचार्य अशोक कुमार ,नीलू कुमारी ,दीपक राणा, मुनेश राम, एकीकृत संघर्ष मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शमशेर आलम, सचिव पारस प्रसाद ,एसएमसी अध्यक्ष नागेश्वर गंझू, हीरामन राम , शिवदयाल कुमार, संतोष राम, विनीता देवी,सचिव संतोष कुमार, उमेश कुमार महतो, उचित्रा देवी,अशोक कुमार , सुधीर कुमार दास, नरेश यादव,रानी गुलनार बेगम, मो. मौसुफ, सहायक अध्यापक कर्पूरी ठाकुर, वीरेंद्र कुमार, कृष्ण दयाल महतो ,तिलानाथ महतो, रंजीत प्रसाद सिन्हा, सुबोध नायक, जलाल सगीर ,बालेश्वर साव, अवध यादव, गंगाधर लोहरा, रामदुलार साव, अशोक सिंह, द्वारिका महतो, बसंती हेमंब्रम, मोतीलाल गिरी, प्यारी तिर्की ,इंदु देवी, पूनम देवी, बबीता देवी, एवं मो. रुलाहुलाह आदि उपस्थित थे।




## शोकाकुल परिवार से मिलने चपरीकलां व डेबो पहुँचे पूर्व विधायक, परिजनों को दिया सांत्वना

### 21 वर्षीय सुजल शर्मा व सत्यम साव का असामयिक मौत पीड़ा दायक : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण
किशोर राणा**



बीते दिनों पाण्डेयबारा पंचायत के चपरीकलां निवासी रामपुकार शर्मा के 21 वर्षीय पुत्र सुजल ठाकुर का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था वही डेबो निवासी समाजसेवी राजू साव के 21 वर्षीय पुत्र सत्यम साव का असामयिक निधर की खबर सुनकर पीड़ित परिवारो से मिलने पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। इस दौरान पूर्व विधायक ने घटना के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि घटना बहुत ही पीड़ादायक है। दोनो होनहार युवकों का असमय चला जाना बहुत परिवार सहित हम सबको दुःखित कर रहा है। चपरीकलां पहुँचे पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर हरसभव मदद का भरोशा दिया। पूर्व विधायक ने सीओ से टेलीफोनिक बात कर सरक. ारी नियमानुसार आश्रितों को मुआवजा दिलवाने की बात कहा। पूर्व विधायक के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, उपमुखिया संजय गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि बासुदेव साव, जगदीशपुर समिति सदस्य युगल ठाकुर, कैलाश भुइयाँ, बच्छई समिति सदस्य सहदेव यादव, समाजसेवी सुखदेव सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, समाजसेवी रामचन्द्र सिंह, मनोज सिंह, रबिश सिंह, बैजनाथ ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे वही डेबो में पूर्व विधायक के साथ विहिप जिला मंत्री गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, पैक्स अध्यक्ष कैलाश साव सहित अन्य।

## बड़कागांव की धरती पर अक्तूबर में गरजेंगे टाइगर जयराम महतो

### 1932 का खतियान,स्थानीय नीतिदृनियोजन नीति तथा झारखंडी आंदोलन को देंगे धार

**अपेम लाइवः बडकागॉव
अमित मालाकार**



कर्णपुरा : दृझारखंड राज्य की अस्मिता और माटी की लड़ाई को नए सिरे से शुरु कर वर्तमान सरकार में सियासी हलचल और जमीनी मुद्दे 1932 के खतियान सहित स्थानीय तथा नियोजन नीति आंदोलन के मुख्य संयोजक टाइगर जयराम महतो का आगमन बड़कागांव तथा केरेडारी की धरती पर अक. टूबर माह में होगी। मंगलवार को दीपक कुमार दीन्हा तथा प्रदीप कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में केरेडारीदृबड़कागांव का एक प्रतिनिधिमंडल उनके आवास पर मुलाकात कर बड़कागांव तथा केरेडारी की धरती पर आने का न्यौता दिया,जिसे उन्होंने हर्ष पूर्वक स्वीकार्य किया।इस मुलाकात के विषय पर दीपक कुमार दीन्हा ने बताया कि जयराम महतो एक सच्चे झारखंड आंदोलनकारी है और वे संपूर्ण झारखंड की माटी तथा अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं, वे सभी झारखंडियों के हक और अधिकार की खातिर न्यौछावर है,हमें भी अपना हक अधिकार के लिए जयराम महतो की हाथों को मजबूत करना है। जिसका नेतृत्व झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के बैनर तले किया जाएगा। जयराम महतो ने कहा कि वर्तमान में जो हमारा सोना झारखंड राज्य की स्थिती है वो हम सभी झारखंडियों की माटी और अस्मिता काफी खतरे में है।जिसके लिए हमें झारखण्ड राज्य मिला वही झारखंडियों का असली पहचान 1932 आज तक नहीं मिल पाया है। उसी की लड़ाई के खातिर हम पूरे झारखंवासियों से निवेदन करते है कि इस हक की लड़ाई में अपनीदृअपनी भागीदारी दें। आगे कहा कि यह आंदोलन सिर्फ एक मुद्दा हीं नहीं बल्कि हमारी पहचान भी है इसके बगैर हम झारखंडियों की पहचान नहीं है। इस दौरान मुलाकात करने वालों में प्रदीप कुमार कुशवाहा,दीपक कुमार दीन्हा, डॉ सुरेंद्र कुमार,प्रेमचंद महतो, बालदेव कुमार महतो, निरंजन महतो मुख्य रूप से शामिल थे।

## सदस्यता अभियान को लेकर एबीवीपी ने किया पोस्टर का विमोचन

**अपेम लाइवः चौपारण
किशोर राणा**




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई चौपारण के द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। चतरा मोड़ स्थित स०फ्टेक कंप्यूटर में बैठक किया गया। बैठक की अगुवाई नगर सह मंत्री चंदन कुमार राणा ने किया वही संचालन नगर मंत्री विक्की प्रजापति ने किया। चंदन राणा ने छात्रों से अपील किया कि आप विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी से जुड़े। कहा छात्र हित में कार्य करने वाला एबीवीपी हमेशा छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहता है। मंत्री विक्की प्रजापति ने कहा कि चौपारण के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जाकर संगठन से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। छात्रा सह प्रमुख मनीषा कुमारी ने कहां की सभी छात्रों को एबीवीपी से जुड़ना चाहिए एबीवीपी सारी समस्याओं का समाधान है। बैठक में आशा कुमारी, निशा कुमारी, सोनाली कुमारी, रितु कुमारी, चांदनी कुमारी, अंशु कुमारी, निशा कुमारी, कोमल कुमारी, मुस्कान कुमारी, अनु कुमारी, अंजली कुमारी, स्नेहा केसरी, सोनम गुप्ता, मनीषा कुमारी, तनु सिंह, सपना कुमारी, अंजली राणा, दीपक चंद्रवंशी, गौरव राणा, विशाल कुमार, आशीष कुमार, अमन कुमार, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## विक्रम फिटनेस जिम के वेटलिफ्टर बना स्टेट गोल्ड मेडलिस्ट

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना रोड स्थित साक्षी नर्सिंग होम के ऊपर मे संचालित विक्रम फिटनेस जिम के जिम्नेस्ट दिलचंद्र कुमार रजक धनबाद के मनाईटांड में झारखंड स्टेट पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के द्वारा आयोजित दो दिवसीय पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट बना। दिलचंद ने बताया कि मेरे निकटतम प्रतिद्वंदी 135 केजी उठाने में असमर्थ रहा जबकि मैंने 160 केजी उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। बड़कागांव वापस लौटने पर विक्रम फिटनेस जिम के सभी जिमनेस्टों ने माला पहना व लड्डू खिलाकर स्वागत किया। जिम संचालक विक्रम कुमार ठाकुर ने कहा कि दिलचंद कुमार रजक बहुत ही मेहनती लड़का है, वह जिम में हमेशा मेहनत करता नजर आता है। आगे उन्होंने बधाई देते हुए उसकी उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अनिल राणा, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, रवि कुमार, शंकर कुमार, सोहेल कुमार, अशोक कुमार आदि हैं।

## डीलरों से समस्याओं से अवगत हुए सांसद प्रतिनिधि

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के डीलरों से साथ बैठक करते सांसद प्रतिनिधि

हजारीबाग सदर अनुमंडल के पीडीएस सांसद प्रतिनिधि मुकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को विष्णुगढ़, दारू तथा टाटीझरिया का दौरा किया। विष्णुगढ़ के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार से मुलाकात कर प्रखंड के डीलरों की समस्या से उन्हें अवगत कराया। कहा कि पीडीएस डीलर अधिकारियों के साथ आपसी सामंजस्य से मिलकर समस्याओं का निदान करें। डीलरों को उन्होंने हमेशा साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। समस्या को सांसद से मिलकर अवगत कराने की बात कही। मौके पर डीलर उमेश पांडेय, टेकोचन्द महतो, भोला प्रसाद, मुकेश कुमार, उमेश सिंह समेत कई डीलर मौजूद थे।

## बिजली कटौती के विरोध में बरकट्ठा विधायक का अनिश्चितकालीन धरना जारी

**अपेम लाइव : चंदवारा**




डीवीसी केटीपीएस की ओर से की जा रही मनमाने ढंग से विद्युत कटौती के खिलाफ विधायक अमित यादव के द्वारा बिजली नहीं तो पानी नहीं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना छठे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। तिलैया डैम इंटकबेल की गेट में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव तालाबंदी कर अपने समर्थको के साथ गेट के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर विधायक अमित यादव ने कहा कि पिछले 4 दिन से बिजली को लेकर धरना आंदोलन जारी है। इसके बाद भी डीवीसी प्रबंधन कुंभकरण की नींद सोई है। उन्होंने कहा की 24 घंटे बिजली की पूरी गारंटी जब तक नहीं दी जाती है तब तक इंटरवेल में ताला बंद रहेगा। डीवीसी 24 घंटा बिजली की गारंटी दे, नहीं तो पानी को पूर्ण रुप से अनिश्चितकालीन बंद रखेंगे। वहीं मुखिया संघ जिला अध्यक्ष श्यामदेव यादव ने कहा कि इन सभी मांगों को केटीपीएस नहीं मानती है तो आंदोलन को और धारदार बनाया जाएगा। आंदोलन कर रहे लोगो के मुख्य मांगो में डीवीसी को कोडरमा जिले में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने, बांझेडीह प्लांट में सभी कंपनियों को स्थानीय युवाओं को 100 प्रतिशत रोजगार देने,आरआर पॉलिसी में छुटे परिवारों का नाम जोड़ने, डीवीसी हाई स्कूल में स्थाई शिक्षक की बहाली करने, डीवीसी के विस्थापित गांव में जर्जर सड़क की मरम्मती करने सहित अन्य मांगे शामिल है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राम लखन यादव, मुखिया सरयु प्रसाद वर्मा,जमुना यादव, मुखिया संघ जिला अध्यक्ष सह काँको मुखिया श्यामदेव यादव, युवा नेता सुधाकर यादव, विजय मोदी, सुखदेव यादव, धनेश्वर ठाकुर, बोधी पंडित, विशाल भदानी भाजपा जिला मंत्री सुधीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामदेव मोद, मुखिया संजय साव भरत यादव, मीडिया प्रभारी दीपक वर्णवाल, सुरेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पीआरएल की ओर से मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : चंदवारा**

प्रखंड के पत्थलगड्डा पंचायत के पीआरएल की ओर से कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम आयोजन किया गया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में बरही डिफेंस एकेडमी की टीम विजय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त बिहार झारखंड के पूर्व मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, मुखिया मीना देवी, युवा नेता कृष्णा कुमार यादव मुख्य रूप से मौजूद थे मौके पर विजेता टीम को पुरस्कार देकर मुख्य द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जन्माष्टमी में हिंदू धर्म में कार्यकर्ताओं है देश के कई हिस्सों में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाती है। मौके पर विनोद यादव,रामदेव यादव, अशोक यादव, संतोष यादव, सुरेश यादव, मेघलाल यादव, राजदेव पासवान, राजू यादव, नारायण पासवान, विनोद पासवान,विजय राणा राजू पंडित, प्रवीण यादव, रोशन यादव, राजेंद्र यादव, नरेश यादव, सुबोध यादव, सुभाष यादव, पिंटू यादव, प्रकाश यादव, रंजीत यादव,अमित यादव, छोटे लाल पासवान, बहादुर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार